an>

Title: Regarding recent spate of racial attacks on Indians in USA.

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैडम स्पीकर, मैंने एडजर्नमेन्ट मोशन के तहत जो नोटिस दिया था, उसे आपने रिजेक्ट कर दिया, लेकिन आपने मुझे जो बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। The recent spate of racially motivated attacks specially the brutal murders of Indian citizens, namely, Srinivas Kuchibhotla, Deep Rai, Harnish Patel, Davinder Singh and others in the United States of America last week, is deeply disturbing. Indian citizens and people of Indian origin across the nations are being killed, threatened and told to leave the country, while the Government and the Prime Minister remained totally silent in either condemning these attacks or escalating the issue to the highest diplomatic levels.

The NDA Government has no strategy to address these hate crimes and has completely failed to secure the safety and wellbeing of its Indian citizens and Diaspora.

मैडम स्पीकर, ये घटनाएँ एक या दो दिनों की नहीं हैं। जब से ... * आए हैं, तब से ये शुरू हुआ है और मैं इसके बारे में किसी इंडीविज्युल का नाम लेकर उसे कंडम नहीं करना चाहता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** आप किसी का नाम मत लो।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे :** जो नए यू.एस. प्रेजीडेंट आए हैं, उनके आने के बाद इस प्रकार की घटनाएं बढ़ रही हैं। कि वहां पर बड़ी ट्रांस्पैरेंसी है, डेमोक्रेसी है, रेशियल डिस्क्रिमिनेशन नहीं है, क्योंकि ओबामा जैसे नेता वहां पर चुनकर दो बार उस देश के प्रेसीडेंट बनते हैं तो ऐसी छवि एक तरफ है, दूसरी तरफ यह छवि है कि पूरी दुनिया में सबसे ताकतवर देश अमेरिका है। ऐसे ताकतवर देश में और जिस देश में डेमोक्रेसी के लिए 400 साल पहले वहां पर जो डेमोक्रेसी कायम हो गई है, ऐसी जगह पर अगर हमारे नौजवान मारे जा रहे हैं और हमारे कम से कम 1,70,000 स्टूडेंट्स वहां पर स्टडी कर रहे हैं और लाखों लोग इंप्लॉयीज हैं, उनके माँ-बाप को यह फिक्र है कि वहां पर हमारे बच्चों का क्या होगा, जो नौकरी के लिए गए हैं। एक तरफ यहां हम लोगों को खुशी है कि हमारे लोग टेक्निकल एक्सपर्ट्स हैं, प्रोफेश्नल एक्सपर्ट्स हैं। इसीलिए अमेरिका उनका इस्तेमाल भी कर रहा है।

अमेरिका की जो जी.डी.पी. ग्रोथ है या जो उनको आज फिनान्शियली ताकत मिल रही है, वह हमारी वजह से और हमारे नौजवानों की वजह से और यहां हम जो करोड़ो रुपये खर्च करके उन्हें डॉक्टर्स तैयार करते हैं, इन्जीनियर्स तैयार करते हैं, आई.टी. के स्टूडेंट्स तैयार करके और हमारे यहां पर यह हो गया है कि हमारे यहां पर एक प्रोफेश्नल क्रिएट करने की फैक्ट्री बनी हुई है, लेकिन वहां पर जाकर उनकी सेवा कर रहे हैं। उनकी सेवा करने के बावजूद भी अगर ऐसी हालत वहां पर है और उनको मारा जा रहा है, दिन-दहाड़े उनको गोलियां मारी जा रही हैं और हर एक को देख-देख कर चुन-चुन कर कहा जा रहा है कि यहां से निकल जाओ, आपकी जरूरत नहीं है, आप हमारे इंप्लॉयमेंट ले रहे हैं। ऐसी चीजें जो वहां पर हो रही हैं, इसके लिए मोदी सरकार चुप्पी क्यों साधे है? मैं यह पूछना चाहता हूं। हर चीज को ट्वीट करते हैं।

हर चीज पर बात करते हैं, इसपर क्यों चुप्पी साधे हैं, इसपर बात क्यों नहीं कर रहे हैं। क्या बात है? जब वे आते हैं तो आप गले लगा लेते हैं, जब कभी चाइना का आता है तो झूले में बैठते हैं, ये जो चीजें आप करते हैं। इसीलिए मैं यह चाहता हूं कि इसकी वजह क्या है? आप क्यों खामोश बैठेया? एक तरफ प्राइम मिनिस्टर खामोश बैठे हैं और जो हमारे होम मिनिस्टर हैं उनको जब प्राइम मिनिस्टर कहते हैं, तब वे स्टेटमेंट देते हैं। वह हमेशा स्टेटमेंट देने के काबिल हैं, लेकिन यहां पर ऐसा लोकतंत्र का घेराव हो गया है, लोकतंत्र में सिर्फ एक आदमी बोलता है, दूसरे किसी को बोलने नहीं देते हैं। इसीलिए मुश्किल यह हो गया कि कोई चीज वहां पर होती है तो उसके ऊपर तत्पर से बोल नहीं सकते। मैं यह चाहूंगा कि प्राइम मिनिस्टर जवाब दें क्योंकि फॉरेन मिनिस्टर की आज सेहत ठीक नहीं है, हम यह चाहते थे कि वे आकर बात करें, लेकिन मैं यह नहीं चाहता, लेकिन प्राइम मिनिस्टर खुद आएं और यह कहें, क्योंकि वह खुद ही इतने देश घूमें हैं, सबको मालूम है। इसलिए मैं आपसे यह प्रार्थना करता हूं कि प्राइम मिनिस्टर आकर एक स्टेटमेंट दें और ऐसी जो घटनाएं हो रही हैं, इनको बन्द करने का क्या तरीका है और किस ढंग से इसको बंद करना चाहते हैं, यह सदन के सामने रखें।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री मोहम्मद बदरुद्दोज़ा खान,

श्री पी.के.बिजू,

डॉ. ए.सम्पत,

श्रीमती पी.के.श्रीमथि टीचर,

श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन,

श्री रवीन्द्र कुमार जेना,

श्री राजीव सातव,

एडवोकेट जोएस जॉर्ज, को श्री मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, thank you very much for allowing me.  I had given an Adjournment Motion on the killing of Indians in the United States by those indulging in hate crime.

As you know, Madam, an Indian techie Srinivas Kuchibhotla was shot dead and his friend Alok Madasani is seriously injured in Kansas on 22nd February by an American, shouting anti-immigrant slogans.

Another Indian, Harnish Patel, the owner of a convenience store, was killed in South Carolina. Again, on 4th March, one Deep Rai was injured in Kent, Washington.

This is a result of a persistent hate campaign against Indians which is taking place in the United States, especially, after the new Government came to power.

As Mr. Kharge has mentioned, Indian technical professionals are giving a big service to the US economy, rather, they are providing them brain power. But, hate campaign against Indians is being carried out. We are very concerned; our Chief Minister Mamata Banerjee in a Twitter message has expressed concern and has asked the Government of India to take steps. She has also written a letter on this issue. But as Mr. Kharge pointed out correctly, the Central Government, especially our very voluble, vocal and articulate Prime Minister is keeping a strange silence on the issue. I can understand that the External Affairs Minister is not well but the Prime Minister is his own Foreign Minister; he goes everywhere.

Now, the Foreign Secretary goes to America and talks about H-1B visas, restrictions on them. Immediately after he comes back, US imposes a fresh restriction on H-1B visas in America for getting priority. Now, what is happening, Madam? Are not the interests of the Indians working in the United States to be protected by the Government of India? Are we not going to take a proper step so that this hate campaign stops? With all the vehemence at our command, we condemn the hate campaign carried out by certain misguided sections of the American society. We do hope that there will be protest in America as there are protests in India and we do hope that our Government will show the gumption and the guts to stand up to the bullies in the US so that no more attacks take place on Indians and Indians working there on H-1B visa are not deprived of their right of working in the United States. Thank you, Madam.

HON. SPEAKER:

Shri Ram Mohan Naidu Kinjarapu is permitted to associate with the issue raised by Prof. Saugata Roy.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam, thank you for allowing me to express our Party's view on this. The death of Indian technical engineer, computer engineer, Srinivas had sent shock waves throughout the country. Some years back, another lady technical engineer also was murdered in Melbourne and she was also from South India. That also had sent shock waves throughout the country. Ultimately, at least from Australia, we could know why she was pursued and she was murdered. Some months before that incident, a student from a remote district of our country called Koraput was also murdered in a university campus in the United States and till date we are unaware why he was pursued and killed.

So, such incidents are happening and these are necessarily racial hatred crimes. Invariably the United States Government and their respective provincial Governments always try to say, these are all something relating to love affairs, relating to some other unethical incidents; that is why these incidents have happened. But, the incident of Mr. Srinivas was in the full public view. That is why we could know why it has happened. Very recently, I think day before yesterday, very interesting news has come up that NRI grooms are not being sought after now. As the marriage season is on, especially that is also going to affect our families.

The prejudice is there relating to the skin. That was a problem in the last 16th, 17th, 18th, 19th centuries and even in the 20th century. We are in the 21st century. Still, how can a person, a human being have hatred for a person because of his colour of the skin? That is happening. Therefore, my limited question to the Government is this. ...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: This is not allowed; no prompting.

...(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Mahtab *ji*, please continue.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam, very recently, a week back, the United States came out with an advisory saying that you should not visit such and such countries including India and be very careful because there are extremists moving around in South Asian countries. Is the Government going to declare certain advisories also for the NRIs, for the Indians who are going to that country stating that these are the States which should be avoided? It is because what we read in the media is that there are certain areas where the NRIs themselves say this area is safe, this area is unsafe. Is the Government, as an establishment, going to declare such areas and send advisories for the benefit of our non-resident Indians who are actually going there to get better remuneration and also look after?

Relating to the colour which I had mentioned, Madam, many of us have been to that country. The moment we get there, the persons whom we know tell us, do not feel that you are not in America because this country has been a country of all from all quarters because nobody knows who is an American and who is not an American. But here is a crime which is being perpetrated and that is the reason what Saugata Roy Ji had mentioned that it is a crime being perpetrated because a certain section of that society feels that they are being bereft of their income and their *rozgar* इसलिए हमारी तरफ से, भारत सरकार की तरफ से दृढ़ स्वर से यह कहना पड़ेगा। इस मामले में एक चिट्ठी तो स्टेट के गवर्नर की तरफ से प्रधान मंत्री जी के पास आयी हुई है, जैसा बताया गया है। But what the question that lady had asked, the bereaved family had asked the other day, is yet to be answered. The widow of Srinivas had asked why this has happened. What is our fault? Have we not served this country? Are we not allowed in this country? Those questions are yet to be answered

by the establishment of that country. I think the Indian Government can force that Government to answer the question which that Indian widow had asked.

HON. SPEAKER:

Dr. Manoj Rajoria,

Shri Devji M. Patel,

Shri Gajendra Singh Shekhawat,

Shri Chandra Prakash Joshi,

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Ramcharan Bohara are permitted to associate with the issue raised by Shri Bhartruhari Mahtab.

श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी जी, आप संक्षेप में अपनी बात रखिए। पूरा डिटेल देने की जरूरत नहीं है।

**श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी (महबूबनगर):** महोदया, बेसिकली यह जो इंसीडेंट हुआ है, यह तेलंगाना के बच्चे के ऊपर हुआ है। आप इसके ऊपर बोलने के लिए मुझे थोड़ा समय दीजिएगा।

In the past fortnight, many hate crime attack on Indians have taken place in USA. Each attack involved a slogan. Go back to your own country. These incidents have caused a sense of threat and unease amongst the Indian community living there and it is high time that the Indian Government should take stern steps and find a tangible solution in agreement with the American Government. I would like to bring it to your notice the recent hate crime that took place in Kansas which had taken the life of a Telangana NRI Srinivas Kuchibhotla and injured Alok Reddy. This incident shows a clear rise in racism in United States and the Government of USA has only condemned the attack and not done anything to safeguard the interests of our people as further attacks are taking place.

Another incident on hate crime on a 39 year old Sikh Deep Rai took place who was working on his car in front of his house in Kent city of Washington State when the gunman with his face partially covered opened fire.

In my opinion, this is a kind of prejudice, a kind of xenophobia that we have not seen in the recent past. These attacks have caused an incredible loss and affected the lives of the victims and their families in an unimaginable manner. I request the Government of India to provide all possible assistance to our fellow Indians living in foreign countries.

मैडम, जिस तरीके से खड़गे जी ने बताया था कि आज जो वहां नए प्रेसिडेंट चुने गए हैं, उनका स्लोगन था कि 'America is only for Americans.' इस स्लोगन के कारण वहां पर बहुत ही हलचल हो गयी।

मैडम, आपको पता है कि तेलुगु भाषी भारतीय वहां पर लाखों की संख्या में बसे हैं। When they go and take up jobs there, they are worried and their families are worried totally. When the dead body of Srinivas came to Hyderabad, the entire Telangana mourned his death. Our IT Minister personally went there. Our Chief Minister, KCR Ji, had gone and expressed his condolences to them. But, I would really like to say कि जो भी वार्तालाप अमेरिका के साथ हो रहा है, वह क्या हो रहा है और ये अटैक्स क्यों कंटीन्यू हो रहे हैं? पार्लियामेंट में, the External Affairs Minister should come and give a statement. Also, she should see that the children, who are there, are protected. The parents, who are here in the State in India, are very much worried on this. So, I request that a proper statement has to be given by the External Affairs Minister.

**माननीय अध्यक्ष :** ये किसी एक स्टेट के बच्चे नहीं हैं, पूरे भारत के बच्चे हैं।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** मैडम स्पीकर, माननीय खड़गे जी ने जो इश्यू उठाया है, वह बहुत ही गम्भीर है और सारे देश को इस पर चिंता करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि अमेरिका के ये जो नए प्रेसिडेंट हैं, इनके समय में ही नहीं, बल्कि उससे पहले भी वहां बहुत इंसीडेंट्स हुए हैं। आपने ठीक कहा कि देश के सब प्रदेशों के लोग इसका शिकार हुए हैं। पर, दुर्भाग्य से पंजाब के लोग और खास तौर से, सिख कम्युनिटी के लोगों पर ये रेसिएल अटैक्स पिछले समय में बहुत ज्यादा हुए हैं। मैं खड़गे जी की इस बात से सहमत नहीं हूं कि यह अभी शुरू हुआ है। यह बहुत पहले से शुरू है।

मैं आपको एक उदाहरण देना चाहता हूं। माननीय गृह मंत्री जी यहां बैठे हैं। मैं इनसे जरूर निवेदन करूंगा कि इसे स्पष्ट करें कि देश के हुक्मरान क्या चाहते हैं। जब डॉ. मनमोहन सिंह जी प्राइम मिनिस्टर थे, फ्रांस में हमारी पगड़ी का मामला आया। इसके लिए हम उनसे मिलने गए, तो उन्होंने कहा कि हम कार्रवाई कर रहे हैं। हमने कहा कि आप क्या कर रहे हैं, पगड़ी को लेकर बार-बार अटैक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पगड़ी के कारण हम फ्रांस के साथ दुश्मनी नहीं ले सकते। अगर ऐसी सोच होगी, तो मामले कैसे हल होंगे?

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): What is this?...(*Interruptions*)

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा:** मैं समझता हूं कि इसे गम्भीरता से लेना चाहिए और डिप्लोमैटिक लेवल पर लेना चाहिए।...(व्यवधान) इसके लिए कोई विधि बनानी चाहिए, जिससे अगली बार इस किस्म की कोई अटैक न हो।...(व्यवधान) आज गलत पहचान के कारण बहुत अटैक हो रहे हैं।

भारत सरकार ने उसके लिए क्या उपाय किए हैं, क्या विधि बनाई है? पहचान का मामला कैसे लोगों में लाया जाए, ताकि आगे से ऐसे इंसीडेंट्स न हों?

**माननीय अध्यक्ष :**

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Madam, this is an issue where the entire House can be bipartisan.

HON. SPEAKER: Yes, I know.

SHRI MOHAMMAD SALIM : It is the question of attacks on the Indians. A series of attacks are going on and killings have taken place. First, we mourn the death, condole this and condemn also.

मैडम, सवाल यह है कि जब हमारे भारतीय ऑरिजीन के लोग विदेशों में जाकर वहां सम्मानित होते हैं, अच्छे काम करते हैं तो हम गौरवान्वित होते हैं। जब उनके ऊपर आक्रमण होता है या इस तरह के हादसे होते हैं तो हम सबको परेशानी होती है। जो वहां हैं और जो वहां जाने वाले हैं, उनके दिमाग पर एक बहुत बुरा असर पड़ता है।

मैं समझता हूं कि चुनावों के वक्त हेट कैम्पेन का जो एक शोसा खड़ा किया जाता है, उससे यह हेट क्राइम बढ़ती है। मैं अमेरिका के अंदर की राजनीति के बारे में नहीं कहना चाहता, लेकिन पिछले चुनाव के वक्त वहां पर जिस तरह के इश्यूज आए और जिस तरह से उन्हें एड्रेस किया गया, उसका प्रभाव रह जाता है। बेशक, राÂट्रपति चुने जाने के बाद जब वहां की संसद में उन्होंने भाषण दिया और कहा कि पीछे का सब छोड़ दो और हम अब नए से शुरूआत करते हैं। यह अच्छी बात है। लेकिन, हम राजनीतिज्ञों को यह समझना चाहिए कि हम इसे छोड़ना चाहते हैं, लेकिन आखिर पिपुल या पॉपुलेशन के अंदर जब घृणा का वातावरण हम पैदा करते हैं, तो उसका असर यह होता है कि हम जो शोसा खड़ा करते हैं, वह शोला बन जाता है और उस शोले को आज हम देख रहे हैं। मैं समझता हूं कि भारत सरकार के सर्वोच्च प्रयास से इस मामले को लेकर उस देश के साथ वार्ता करनी चाहिए।

जब हमारे विदेश मंत्रालय के सचिव वहां पर गए, बातचीत किया और उनके बहुत से इश्यूज़ पेंडिंग थे। हमारी जो इंटेलिजेंस और कुटनीति है, क्या हम इसमें फेल हो रहे हैं, वहां क्या होने जा रहा है, क्या हो रहा है? वहां से लौटने के बाद वे ट्रेवल एडवाइजरी इश्यू किए और हमें दूसरे तमाम देशों के साथ, चूंकि यह प्रोफाइलिंग का मामला है, यह सिर्फ इंडियन या अमेरिकन के प्रोफाइलिंग का मामला नहीं है। हमारा देश एक ऐसा देश है जहां पर सेकुलरिज्म और डेमोक्रेसी जैसा धरोहर है जिससे हम गौरवान्वित है। यदि हमारे देश को उस क्यू में खड़ा कर दे, यह हमारे लिए बहुत शोभा नहीं देता है। मैं समझता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी और आप भी खुद इस सदन को विश्वास में लेकर अमेरिकन कांग्रेस को इसके बारे में बताएं। दूसरी तरफ हमारे प्रधान मंत्री वहां के राष्ट्रपति को यह वार्ता दे, मैं यह नहीं कहता हूं कि वहां पर हमें फ्रीज किया जाता है तो हमें भी फ्रीज करना चाहिए, वे ट्रेवल एडवाइजरी दिए हैं तो हमें भी यह देना चाहिए। हमारी अपनी सभ्यता है, अपनी संस्कृति है, लेकिन अमेरिका के साथ हमारी जो गोइंग इंगेजमेंट है और उनके साथ डिफेंस डील कर रहे हैं, इसके अलावा बाकी सब डील कर रहे हैं, क्या हम यह वार्ता नहीं दे सकते हैं कि यदि आप ट्रेवल एडवाइजरी कर रहे हैं तो उनके डिफेंस के समान बेचने के लिए क्या कंपनी रेप्रेजेंटेटिव हो या ऑफिसियल्स हो, उनके ऊपर हम टेम्परेरी भी कुछ विधि निÂ◌ा◌ेध लगा दे, तब वह टेबल पर वार्ता के लिए आए। इसके बाद हम कह सकते हैं कि एक के साथ दूसरा यानि आँख से आँख मिलाकर बात कर सकते हैं, हम सर ऊँचा करके बात कर सकते हैं, हम उनसे कोई भीख नहीं मांग रहे हैं।

DR. M. THAMBIDURAI (KARUR): Madam Speaker, thank you very much for giving me the opportunity to speak on this issue. As other hon. Members have raised their concerns, we are also concerned about it because many people from Tamil Nadu are also there in U.S.A., the United States of America. Our people, who have been staying there have done a good work and developed that country also.

The hon. Member, Shri Kharge has rightly said that we are investing a lot of money to train our people, who after getting talent go and serve that country. But there is uncertainty prevailing now and because of the racial incident that has recently happened, it is high time that India should intervene to protect the Indians there. They may not know as to what is happening there but as we have got some intelligent reports on this issue, we should see that such incidents do not take place.

Similar incidents are happening in Australia also. There are reports of such incidents occurring in other countries as well. So, the Government should come forward to protect our people, our intellectual people who are serving there for the development of that country. Therefore, Madam, it is high time that the Government should interfere and persuade the President of the United States of America to provide security to our people working there. Thank you, Madam.

**गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, इस सदन के माननीय सदस्य श्री श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, श्री भर्तृहरि महताब जी, प्रो. सौगत राय जी, श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा जी, श्री ए.पी. जितेन्द्र रेड्डी जी, मोहम्मद सलीम जी एवं डॉ. एम. तंबिदुरै जी के द्वारा यू.एस.ए. में इंडियन सिटीजन के साथ जो कुछ भी हुआ है या जो कीलिंग्स हुई हैं, जैसे गंभीर मुद्दें को इन्होंने उठाया है। मैं सरकार की तरफ से स्पÂट करना चाहता हूं कि भारत सरकार ने भी इसे बहुत ही गंभीरता पूर्वक लिया है और जो कुछ भी हुआ है, वह बहुत ही दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है और उसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है।

अध्यक्ष महोदया, मैं सरकार की तरफ से यह भी स्पÂट करना चाहता हूं कि सरकार के द्वारा सारे कदम उठाए जाएंगे। यू.एस.ए. में जो हमारे इंडियन सिटीज़न्स हैं, वे पूरी तरह से अपने को सिक्योर्ड फील करें । इसके लिए सरकारी सारी कदम उठाएगी। चूंकि हमारी विदेश मंत्री इस समय अस्वस्थ है, हम लोगों ने यह फैसला किया है कि अगले सप्ताह इस संबंध में एक डिटेल स्टेटमेंट सरकार के द्वारा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।